आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

प्रधानमंत्री – वंदे मातरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम को एक प्रेरक आह्वान बताया जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया है और पूरे देश में देशभक्ति की एक स्थायी भावना को प्रज्वलित किया है।

समारोह में सार्वजनिक स्थानों पर वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया जाता है, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं।

विपिन परमार

इस बीच हिमाचल प्रदेश भाजपा भी आज से प्रदेश के हर संसदीय क्षेत्र में वंदे मातरम का सामूहिक गान करेगी। भाजपा आज शिमला में इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर और सुरेश कश्यप मौजूद रहेंगे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि ये गीत आज भी राष्ट्रवाद, एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 4 सौ 60 करोड़ रूपए की भूमि आबंटन राशि जारी कर लाभार्थियों को वितरित कर दी गई है, जबकि एक हज़ार 8 सौ 99 करोड़ रूपए की अन्य राशि शीघ्र वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री कल शिमला में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राज्य में हैलीपोर्ट परियोजना स्थापित करने की समीक्षा भी की और इनके निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उज्ज्वला योजना

आकांक्षी जिला चंबा में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना चरण–3 के तहत पात्र महिलाओं को नए निःशुल्क एलपीजी गैस कनैक्शन उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना का उद्‌देश्य गरीब परिवारों की

महिलाओं को स्वच्छ इंधन उपलब्ध करवाना है। चंबा में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय उज्ज्वला समिति का गठन कर दिया गया है।

हॉकी – 100 वर्ष

भारतीय हॉकी के गौरवशाली 100 वर्षों के उपलक्ष्य में आज से राष्ट्रव्यापी समारोह हो रहे हैं। शताब्दी समारोह के अंतर्गत 5 सौ 50 जिलों में एक हजार चार सौ से अधिक मैच खेले जाएँगे। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें हॉकी के गौरवशाली सफर को दर्शाने वाले कई विशेष कार्यक्रम होंगे। केंद्रीय मंत्री एकादश और हॉकी इंडिया की पुरुष और महिला मिश्रित एकादश के बीच 30 मिनट का एक प्रदर्शनी मैच हुआ। इसमें पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय टीमों के शीर्ष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। देश की हॉकी विरासत को यादगार बनाने वाले खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि के रूप में एक आधिकारिक स्मारक खंड भारतीय हॉकी के 100 वर्ष का विमोचन किया जाएगा। स्टेडियम में एक फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक जीत चुके भारत को दुनिया के सबसे सफल हॉकी राष्ट्र का दर्जा प्राप्त है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में कहीं–कहीं कोहरा छाया है। अगले छह दिनों तक प्रदेश में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने आगामी 12 नवंबर तक प्रदेश में बारिश–बर्फबारी की संभावना से इंकार किया है। इस बीच प्रदेश में न्यूनतम तामपान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे रातें ठंडी हो गई हैं। जनजातीय क्षेत्रों ताबो, कुकुमसेरी व कल्पा में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है। मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में भी सुबह–शाम ठंड का असर बढ़ गया है।

———————————————————————————————